# बालिका शिक्षा अभियान

शाला में पीने का पानी और शौचालय हम बालिकाओं का अधिकार है...



बेटी पढ़ेगी, विकास गढ़ेगी

द्वारा :- राज्य स्वास्थ्य संसाधन केन्द्र, रायपुर (छ.ग.)

# ''बालिकाओं के लिए शाला में शौचालय संबंधी सुधार अभियान''

शिक्षा बेटियों का अधिकार है। सरकार द्वारा बालिका शिक्षा को बढ़ाने अनेक योजनाएं और सुविधाएं दी जा रही है, ताकि बेटियां देश के विकास में बराबर की भूमिका निभा सके। सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयास से प्राथमिक स्कूल में तो बालिकाओं की संख्या बढ़ी है, परंतु माध्यमिक व उच्चतर माध्यमिक शालाओं में बालिकाओं की संख्या आज भी बहुत कम है। शिक्षा के अधिकार कानून के तहत् शाला में स्वच्छ पीने का पानी व शौचालय की व्यवस्था आवश्यकता रूप से होनी चाहिए। परंतु ज्यादातर स्कूलों में शौचालय व पीने की पानी की कोई व्यवस्था नहीं होती है।

21 फरवरी 2013 को ''इंडिया न्यूज'' में छपी खबर के अनुसार प्रदेश के शिक्षा मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल ने बालिका शिक्षा के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि ''राज्य में कुल 2304 बालिका शाला जिनमें से 188 शालाओं में शौचालय की कोई सुविधा नहीं है एवं 107 स्कूलों में एक हैंडपंप तक नहीं है''। उन्होने बताया कि राज्य में बालिकाओं की 1241 प्राथमिक, 849 माध्यमिक एवं 214 उच्चतर माध्यमिक शाला है। इसी संदर्भ में ''यूनीसेफ की 2011-12 की रिपोर्ट में दी गयी जानकारी के अनुसार ''अप्रैल 2013 से छत्तीसगढ़ में 6% स्कूलों में पीने के पानी की कोई सुविधा नहीं है और 42% स्कूल ऐसे हैं जहां बालिकाओं के लिए शौचालय की कोई सुविधा नहीं है''।

शाला में शौचालय की कमी का सीधा प्रभाव बालिकाओं की शिक्षा पर पड़ता है। शाला में शौचालय ना होने पर बालिकाओं को शौच के लिए बाहर जाना पड़ता है। जिससे उन्हें डर, शर्म व अस्वच्छता का सामना करना पड़ता है। इस परिस्थिति से बचने के लिए किशोरी बालिकाएं स्कूल जाने से झिझकती है और किशोरियों के माता-पिता अपनी बेटियों का स्कूल जाना बंद करवा देते हैं। इसी वजह से आज भी शिक्षा में बालिकाओं का प्रतिशत बालकों की तुलना में बहुत कम है।

## बालिका शिक्षा को बढ़ाने सर्वोच्च न्यायालय का आदेश

***बालिकाओं को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के उद्देश्य से अक्टूबर 2012 में देश के सबसे बड़े न्यायालय ने सभी राज्यों को यह आदेश दिया था कि ''6 माह के भीतर सभी सरकारी व निजी स्कूलों में पीने के पानी और शौचालय की व्यवस्था की जाये''।***

## राज्य में ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समिति का शाला में शौचालय संबंधी सुधार अभियान

छत्तीसगढ़ राज्य में सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का सम्मान करते हुए राज्य की बेटियों के शिक्षा और सम्मान के लिए ग्रामीण स्तर पर ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समिति के नेतृत्व में शाला में शौचालय व्यवस्था अभियान की शुरूवात की गयी। इस अभियान के तहत् राज्य के 115 विकासखण्डों में लगभग 2687 शालाओं में यह प्रयास किया गया। जिससे लगभग 974 प्राथमिक शाला, 1147 माध्यमिक शाला शामिल है। इस अभियान के तहत् समिति के मार्गदर्शन में स्वस्थ पंचायत समन्वयक, मितानिन प्रशिक्षक, मितानिन एवं ग्रामीणों द्वारा समूह बनाकर शालाओं में शौचालय की स्थिति का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निम्न समस्याएं सामने आयी।

- बहुत से स्कूलों में ताला लगा है, बच्चे शौचालय गंदा करते हैं इसलिए उन्हें शिक्षक उपयोग करने नहीं देते।
- शिक्षक-शिक्षिकाएं शौचालय का उपयोग करते हैं। इसलिए भी वे बच्चों को शौचालय का उपयोग करने नहीं देते।
- बहुत से स्कूलों में शौचालय की व्यवस्था नहीं है।
- बहुत से स्कूलों में बाल्टी, मग एवं टंकी की व्यवस्था नहीं है।
- बहुत से स्कूलों में बच्चों को शौचालय में जाना अच्छा नहीं लगता है।
- स्कूलों में शौचालय का अधूरा निर्माण हुआ है या निर्माण हुआ ही नहीं है।
- स्कूल के शौचालय का उपयोग बहुत जगहों पर स्कूल के आस-पास रहने वाले करते है और गंदा करके छोड़ देते हैं।
- बहुत से स्कूलों में शौचालय सफाई कर्मी नहीं है और बहुत जगहों में सफाई कर्मी ठीक तरह से शौचालय की सफाई नहीं करते हैं।
- बहुत से स्कूलों में सफाई कर्मी बच्चों को पढ़ाने का काम करते हैं।
- बहुत से स्कूल में शौचालय साफ करने के लिए सामग्री- जैसे सर्फ, हार्पिक, झाड़ू आदि नहीं है।
- कुछ स्कूलों में शिक्षकों का यह विचार है कि किशोरी बालिकाओं को माहवरी के समय 2-3 दिन स्कूल नहीं आना चाहिए।

निरीक्षण से सामने आयी समस्याओं पर निरीक्षण समूह द्वारा शाला प्रभारियों (प्रधान पाठक, शिक्षक) से चर्चा की गयी कि शिक्षा के अधिकार कानून के तहत् स्कूल में बच्चों के लिए शौचालय (पानी की व्यवस्था के साथ) और पीने के पानी की व्यवस्था होना चाहिए। इसके साथ ही साथ शाला में बच्चों व कर्मचारियों को शौचालय का उपयोग क्यों करना चाहिए इस विषय पर जानकारी देते हुए बताया गया कि बाहर शौच पर जाने से कई तरह की बीमारियों जैसे उल्टी-दस्त के साथ-साथ जीव-जंतु काटने से दुर्घटना होने का खतरा भी होता है।

निरीक्षण समिति के इस प्रयास के बहुत से क्षेत्रों में शाला प्रभारी, समिति, पंचायत एवं पालकों के सहयोग से शौचालय संबंधी आवश्यक व्यवस्थाएं की गयी।








## शाला में शौचालय संबंधी सुधार अभियान से आये बदलाव

1. बंद शौचालय को खोल कर साफ-सफाई कराई गई है।
2. बाहर के लोगों द्वारा शौचालय का उपयोग ना हो इसके लिए शाला प्रभारी द्वारा शौचालय में शाला बंद होने के बाद ताला लगाने की व्यवस्था की गई है।
3. शौचालय की सफाई के लिए हार्पिक, झाड़ू की व्यवस्था की गई।
4. शौचालय में पानी की व्यवस्था के लिए स्कूल परिसर में बोरिंग चालू करवाया गया है और साथ में शौचालय में बाल्टी, मग आदि की व्यवस्था की गयी है।
5. छात्र-छात्राएं शौचालय की साफ-सफाई का ध्यान रखते हैं।
6. स्कूल में शौचालय होने से किशोरियों को माहवारी के दिनों में सहायता हो रही है।
7. स्कूल विभाग और छात्र-छात्राओं को शौचालय संबंधी जिम्मेदारी का एहसास हुआ।
8. पंचायत प्रतिनिधि एवं गांव के आम नागरिक समय-समय पर स्कूलों में शौचालय का निरीक्षण करते है।

उपसंहार - शाला में शौचालय संबंधी सुधार अभियान एक निरंतर चलने वाला जन अभियान है जिसका हिस्सा गांव का प्रत्येक नागरिक है। इस अभियान के माध्यम से हम प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से बालिका शिक्षा के विकास के लिए सहयोग प्रदान कर रहे हैं।




















# शौचालय पर जानकारी

| क्र. | विकासखण्ड का नाम | प्राथमिक शाला | | मिडिल स्कूल | | हायर सेकेण्डरी/हाई स्कूल | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | प्रयास | सफल | प्रयास | सफल | प्रयास | सफल |
| 1. | कोरबा | 15 | 8 | 18 | 10 | 10 | 6 |
| 2. | तमनार | 10 | 5 | 6 | 6 | 3 | 3 |
| 3. | कुआकोण्डा | 2 | 1 | 10 | 4 | 3 | 2 |
| 4. | दुर्गकोण्दल | 4 | 3 | 12 | 6 | 4 | 3 |
| 5. | दंतेवाड़ा | 2 | 1 | 5 | 4 | 2 | 2 |
| 6. | भानुप्रतापपुर | 4 | 2 | 3 | 1 | 1 | 1 |
| 7. | कांकेर | 2 | 1 | 3 | 1 | 0 | 0 |
| 8. | सोनहत | 2 | 1 | 7 | 4 | 1 | 1 |
| 9. | पोड़ी उपरोड़ा | 10 | 3 | 6 | 4 | 3 | 2 |
| 10. | बैकुण्ठपुर | 12 | 5 | 5 | 3 | 2 | 2 |
| 11. | चारामा | 12 | 2 | 5 | 2 | 2 | 2 |
| 12. | डौण्डी | 8 | 3 | 10 | 5 | 10 | 4 |
| 13. | नरहरपुर | 0 | 0 | 21 | 18 | 1 | 1 |
| 14. | कोयली बेड़ा | 8 | 6 | 12 | 9 | 5 | 4 |
| 15. | कटेकल्याण | 5 | 3 | 4 | 2 | 2 | 1 |
| 16. | गौरेला | 4 | 2 | 2 | 1 | 0 | 0 |
| 17. | भरतपुर | 5 | 4 | 3 | 1 | 0 | 0 |
| 18. | मरवाही | 2 | 0 | 13 | 8 | 3 | 1 |
| 19. | लैलूंगा | 0 | 0 | 95 | 70 | 25 | 5 |
| 20. | पेण्ड्रा | 18 | 16 | 9 | 9 | 0 | 0 |
| 21. | छुरा | 14 | 10 | 12 | 4 | 3 | 3 |
| 22. | नगरी | 11 | 8 | 6 | 5 | 9 | 4 |
| 23. | पाली | 3 | 3 | 10 | 8 | 7 | 5 |

| क्र. | विकासखण्ड का नाम | प्राथमिक शाला | | मिडिल स्कूल | | हायर सेकेण्डरी/हाई स्कूल | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | प्रयास | सफल | प्रयास | सफल | प्रयास | सफल |
| 24. | करतला | 10 | 5 | 11 | 7 | 4 | 3 |
| 25. | मोहला | 7 | 7 | 5 | 5 | 1 | 2 |
| 26. | मानपुर | 3 | 3 | 2 | 2 | 1 | 1 |
| 27. | अं0 चौकी | 2 | 1 | 7 | 5 | 2 | 1 |
| 28. | धरमजयगढ़ | 13 | 11 | 8 | 7 | 1 | 1 |
| 29. | घरघोड़ा | 5 | 5 | 7 | 5 | 3 | 1 |
| 30. | मैनपुर | 8 | 5 | 6 | 4 | 0 | 0 |
| 31. | कटघोरा | 1 | 1 | 5 | 4 | 4 | 3 |
| 32. | उसूर | 12 | 10 | 22 | 22 | 4 | 4 |
| 33. | प्रेमनगर | 10 | 5 | 18 | 8 | 7 | 3 |
| 34. | रामचंद्रपुर | 4 | 1 | 5 | 2 | 3 | 0 |
| 35. | रामनुजनगर | 10 | 2 | 5 | 3 | 3 | 1 |
| 36. | प्रतापपुर | 4 | 1 | 5 | 2 | 3 | 1 |
| 37. | मनोरा | 7 | 1 | 6 | 3 | 4 | 3 |
| 38. | कुसमी | 5 | 2 | 5 | 2 | 4 | 2 |
| 39. | बगीचा | 2 | 1 | 4 | 2 | 1 | 0 |
| 40. | वाड्रफनगर | 3 | 1 | 4 | 2 | 1 | 1 |
| 41. | छिन्दगढ़ | 12 | 16 | 3 | 2 | 3 | 1 |
| 42. | सुकमा | 10 | 8 | 10 | 5 | 5 | 2 |
| 43. | कोन्टा | 3 | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 |
| 44. | केशकाल | 5 | 5 | 14 | 6 | 0 | 0 |
| 45. | विश्रामपुरी | 8 | 6 | 10 | 8 | 3 | 3 |
| 46. | बकावण्ड | 4 | 1 | 7 | 3 | 2 | 1 |
| 47. | सूरजपुर | 3 | 1 | 4 | 1 | 0 | 0 |
| 48. | दुलादुला | 15 | 10 | 10 | 7 | 8 | 5 |

| क्र. | विकासखण्ड का नाम | प्राथमिक शाला | | मिडिल स्कूल | | हायर सेकेण्डरी/हाई स्कूल | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | प्रयास | सफल | प्रयास | सफल | प्रयास | सफल |
| 49. | नानगुर | 7 | 5 | 8 | 3 | 3 | 1 |
| 50. | फरसाबहार | 3 | 10 | 3 | 9 | 2 | 2 |
| 51. | भैयाथान | 7 | 5 | 10 | 10 | 3 | 3 |
| 52. | लवलीना | 4 | 4 | 3 | 3 | 1 | 1 |
| 53. | तिलेश्वरी | 10 | 4 | 8 | 3 | 0 | 0 |
| 54. | मैनपाट | 14 | 5 | 19 | 9 | 4 | 1 |
| 55. | सावित्री सिन्हा | 2 | 1 | 2 | 1 | 3 | 1 |
| 56. | लोदाम | 4 | 2 | 6 | 3 | 0 | 0 |
| 57. | लोहण्डीगुड़ा | 40 | 8 | 15 | 5 | 4 | 1 |
| 58. | अम्बिकापुर | 9 | 3 | 11 | 6 | 2 | 1 |
| 59. | बतौली | 5 | 2 | 2 | 1 | 0 | 0 |
| 60. | सीतापुर | 12 | 5 | 11 | 10 | 10 | 8 |
| 61. | भो0 पटनम | 0 | 0 | 9 | 1 | 4 | 1 |
| 62. | कोण्डागांव | 4 | 1 | 3 | 1 | 2 | 1 |
| 63. | मनेन्द्रगढ़ | 20 | 15 | 7 | 6 | 2 | 1 |
| 64. | बेरला | 18 | 12 | 13 | 9 | 0 | 0 |
| 65. | उदयपुर | 16 | 11 | 13 | 10 | 2 | 1 |
| 66. | पिथौरा | 25 | 15 | 20 | 12 | 10 | 9 |
| 67. | छुरिया | 22 | 10 | 16 | 8 | 5 | 3 |
| 68. | डोंगरगढ़ | 10 | 6 | 5 | 3 | 0 | 0 |
| 69. | सरायपाली | 20 | 12 | 18 | 15 | 8 | 6 |
| 70. | पण्डरिया/कवर्धा | 19 | 12 | 14 | 7 | 6 | 2 |
| 71. | पण्डरिया/कवर्धा | 10 | 8 | 7 | 6 | 0 | 0 |
| 72. | कवर्धा | 17 | 13 | 20 | 9 | 4 | 2 |
| 73. | नवागढ़ | 26 | 12 | 16 | 9 | 2 | 0 |

| क्र. | विकासखण्ड का नाम | प्राथमिक शाला | | मिडिल स्कूल | | हायर सेकेण्डरी/हाई स्कूल | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | प्रयास | सफल | प्रयास | सफल | प्रयास | सफल |
| 74. | गुण्डरदेही | 21 | 19 | 59 | 37 | 36 | 29 |
| 75. | कुरूद | 5 | 3 | 20 | 10 | 10 | 3 |
| 76. | बेमेतरा | 8 | 5 | 7 | 6 | 3 | 3 |
| 77. | डोंगरगांव | 9 | 7 | 13 | 13 | 7 | 5 |
| 78. | छुईखदान | 12 | 7 | 8 | 5 | 10 | 2 |
| 79. | बागबाहरा | 23 | 14 | 18 | 9 | 6 | 0 |
| 80. | महासमुन्द | 18 | 10 | 6 | 5 | 1 | 0 |
| 81. | पाटन | 15 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 |
| 82. | निकुंम | 8 | 7 | 5 | 4 | 2 | 2 |
| 83. | बोड़ला | 20 | 15 | 15 | 9 | 7 | 5 |
| 84. | बालोद | 15 | 10 | 10 | 7 | 5 | 4 |
| 85. | गुरूर | 10 | 28 | 10 | 10 | 4 | 4 |
| 86. | बसना | 16 | 9 | 12 | 10 | 4 | 2 |
| 87. | डौण्डीलोहारा | 19 | 9 | 82 | 65 | 30 | 22 |
| 88. | तिल्दा | 20 | 8 | 11 | 5 | 15 | 4 |
| 89. | पामगढ़ | 22 | 15 | 17 | 17 | 10 | 10 |
| 90. | धरसीवां | 20 | 10 | 25 | 5 | 10 | 10 |
| 91. | आरंग | 20 | 10 | 60 | 30 | 50 | 30 |
| 92. | सिमगा | 25 | 12 | 50 | 30 | 35 | 20 |
| 93. | फिंगेश्वर | 45 | 20 | 30 | 10 | 20 | 15 |
| 94. | बलौदा | 15 | 9 | 28 | 12 | 31 | 8 |
| 95. | रायगढ़ | 25 | 10 | 20 | 13 | 15 | 9 |
| 96. | जैजैपुर | 15 | 10 | 21 | 15 | 25 | 17 |
| 97. | सारंगढ़ | 30 | 10 | 10 | 8 | 20 | 15 |
| 98. | मस्तुरी | 15 | 9 | 12 | 6 | 3 | 2 |

| क्र. | विकासखण्ड का नाम | प्राथमिक शाला | | मिडिल स्कूल | | हायर सेकेण्डरी/हाई स्कूल | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | प्रयास | सफल | प्रयास | सफल | प्रयास | सफल |
| 99. | बिल्हा | 16 | 14 | 10 | 8 | 6 | 4 |
| 100. | तखतपुर | 10 | 6 | 8 | 5 | 4 | 2 |
| 101. | नवागढ़ | 20 | 6 | 23 | 8 | 20 | 12 |
| 102. | पुसौर | 10 | 6 | 12 | 9 | 2 | 1 |
| 103. | पलारी | 5 | 2 | 7 | 4 | 7 | 6 |
| 104. | बिलाईगढ़ | 14 | 5 | 20 | 13 | 4 | 3 |
| 105. | बलौदाबाजार | 6 | 3 | 20 | 16 | 2 | 1 |
| 106. | बिलाईगढ़ | 18 | 8 | 22 | 16 | 7 | 4 |
| 107. | कोटा | 45 | 26 | 40 | 25 | 12 | 7 |
| 108. | कसडोल | 90 | 40 | 50 | 28 | 22 | 10 |
| 109. | भाटापारा | 24 | 8 | 22 | 7 | 8 | 4 |
| 110. | लोरमी | 10 | 7 | 20 | 6 | 16 | 12 |
| 111. | पथरिया | 10 | 17 | 20 | 15 | 5 | 3 |
| 112. | सक्ती | 11 | 6 | 32 | 25 | 15 | 12 |
| 113. | डभरा | 10 | 1 | 20 | 4 | 5 | 1 |
| 114. | बरमकेला | 20 | 9 | 70 | 50 | 90 | 70 |
| 115. | अकलतरा | 20 | 11 | 15 | 8 | 5 | 2 |
| 116. | अभनपुर | 55 | 40 | 60 | 35 | 10 | 10 |
| 117. | मालखरौदा | 15 | 15 | 35 | 25 | 18 | 5 |
| | योग | 1503 | 877 | 1777 | 1112 | 859 | 528 |